Title: Requested to open new distribution centres of Liquefied Petroleum Gas (L.P.G.) and to reduce the cost of L.P.G. cylinders in Andaman and Nicobar Islands.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) : अध्यक्ष महोदय, अंडमान-निकोबार द्वीप में एलपीजी का एक ही डिस्ट्रीब्यूटर है, जिसका नाम सीसीएस लिमिटेड है और यह छः एक्सटैंशन पाइंट से एलपीजी डिस्ट्रीब्यूट करता है। सारे भारत में एलपीजी का रेट सब्जैक्ट-टू-लोकल-टैक्सैस फिक्स है। उदाहरणस्वरुप, दिल्ली में एलपीजी का रेट 196.45 रुपए हैं, इस कास्ट में सैल्स टैक्स, 5 से 10 रुपए ट्रांसपोर्टेशन कास्ट और 14 रुपए प्रति सिलैंडर कमीशन शामिल है। अंडमान में सेल्स-टैक्स नहीं है और रेट इस प्रकार हैं - पोर्टब्लेयर में 200.17 रुपए, बराटंग में 240.47 रुपए, रंगत में 248.47 रुपए, मायाबंदर में 268.47 रुपए, कार-निकोबार में 511.20 रुपए, दिगलिगपुर में 388.47 रुपए, हट-बे में 392.20 रुपए और कैम्पबिल-बे में 415.20 रुपए है। हर साल अंडमान-निकोबार के 21870 कस्टमर्स करीब-करीब सात लाख रुपए इंटर-आयलैंड ट्रांसपोर्टेशन कास्ट दे रहे हैं। अंडमान-निकोबार के लोग वन की रक्षा करते हैं, उनकी मांग है कि उनको दिल्ली के रेट पर एलपीजी उपलब्ध कराई जाए और निम्नलिखित स्थानों पर नई डिस्ट्रीब्यूटरशिप खोली जाए - चौलदारी (Chouldari), बराटंग, रंगत, मायाबंदर, दिगलिपुर, कार-निकोबार, हट-बे, काछल (Kachal), कैम्पबिल-बे आदि।